समाचार

राजस्व वसूली अभियान

23 जनवरी को इन वार्डो में लगेंगे राजस्व वसूली शिविर

(05 दिनों में 50 लाख 04 हजार रू. बकाया कर राशि शिविरों में जाकर जमा कराई करदाताओं ने)

कोरबा 22 जनवरी 2021– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, 05 प्रतिशत जलकर, जलकर, दुकान एवं भवन किराया आदि की बकाया राशि की वसूली हेतु निर्धारित कार्ययोजना अनुसार **23 जनवरी को** वार्ड क्र. 06 पुरानी बस्ती भण्डारी चौक, वार्ड क्र. 13 स्टेडियम जोन कार्यालय, वार्ड क्र. 25 कुआंभट्ठा, वार्ड क्र. 21 गणेश पण्डाल बुधवारी, वार्ड क्र. 36 सामुदायिक भवन इंदिरा मार्केट, वार्ड क्र. 46 पण्डाल पावरसिटी रोड अयोध्यापुरी, वार्ड क्र. 58 इमलीछापर चौक, वार्ड क्र. 64 घुड़देवा मद्रासी होटल के पास शिविर लगाए जाएंगे। निगम के सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर ने बताया कि विगत 04 दिनों में विभिन्न वार्डो में लगाए गए राजस्व वसूली शिविरों के माध्यम से 50 लाख 04 हजार रूपये के करों की वसूली की गई है, उन्होने बताया कि करदाता इन शिविरों में पहुंच रहे हैं तथा बकाया कर राशि का भुगतान निगम को कर रहे हैं।